TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


**2024**

**14 दिसम्बर 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

पुस्तकें वो साधन है जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पूल का निर्माण कर सकते हैं।

**सर्वपल्ली राधाकृष्णन**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 14 दिसम्बर

1. **राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस–** विद्युत मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा ही साल 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के संरक्षण के बारे में जागरूकता प्रसारित करना है। भारत में 'पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन' वर्ष 1977 में भारत सरकार द्वारा भारतीय लोगों के बीच ऊर्जा संरक्षण और कुशलता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया था। ये ऊर्जा का संरक्षण महान स्तर पर करने के लिये भारत सरकार द्वारा उठाया गया बहुत बड़ा कदम है। इस अवसर पर ऐसे उद्योग और प्रतिष्ठानों को पुरस्कृत भी किया जाता है जिन्होंने अपने उत्पादन को बनाए रखते हुए ऊर्जा की खपत को कम करने के विशेष प्रयास किए हैं।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया भाग 3, इकाई 1(घ) ऊर्जा संसाधन** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

2. **फिल्म अभिनेता राजकपूर का जन्म–** हिन्दी सिनेमा के सुप्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक राजकपूर का जन्म 14 दिसम्बर, 1924 ई. को पेशावर में हुआ था। वे फिल्म जगत में 'भारतीय सिनेमा के महान शोमैन' और 'भारतीय सिनेमा का चार्ली चैप्लिन' के नाम से मशहूर हैं। उन्होंने पहली बार मात्र 11 वर्ष की उम्र में फिल्म 'इंकलाब' में अभिनय किया था। अपने जीवन काल में नीलकमल, बरसात, आवारा, बूट पॉलिश, श्री 420, परवरिश, जिस देश में गंगा बहती है, मेरा नाम जोकर जैसी कई सुपरहिट फिल्में दिया।
   - **बच्चों को क्या दिखायें?** बच्चों को राजकुमार अभिनीत फिल्में जैसे 'जिस देश में गंगा बहती है' आदि दिखा सकते हैं।

3. **अंतर्राष्ट्रीय वानर दिवस–** वानर को मनुष्यों का पूर्वज भी कहा जाता है। प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय वानर दिवस (इंटरनेशनल मंकी डे) के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर देश–विदेश के कई चिड़ियाघरों में वानरों के करतब दिखाये जाते हैं। बन्दरों की लगभग 200 प्रजातियां दुनिया भर में पायी जाती है। यह दिन बंदरों के उन प्रजातियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है जो आजकल संकटग्रस्त हैं। उदाहरण के लिए, पश्चिमी चिम्पांजी, इक्वाडोरियन व्हाइट फ्रंटेड कैपुचिन, रोलोवे बंदर, इंद्री आदि कुछ इस तरह की बंदरों की लुप्त प्रजातियां हैं। हालांकि इस दिवस को यूएन द्वारा आधिकारिक तौर पर अभी तक घोषित नहीं किया गया है।
   - **संदर्भः विज्ञान भाग 3, अध्याय 12, पौधों और जन्तुओं का संरक्षण** से जोड़कर बतायें।

S a t u r d a y

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर




भारत सरकार ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के तहत 1 मार्च, 2002 को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) की स्थापना की। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का मिशन भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा गहनता को कम करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के समग्र ढांचे के भीतर स्व-नियमन और बाजार सिद्धांतों पर बल देने के साथ नीतियों और कार्य नीतियों को विकसित करने में सहायता करना है। बीईई नामित उपभोक्ताओं, नामित एजेंसियों और अन्य संगठनों के साथ समन्वय करता है और ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत उसे सौंपे गए कार्यों को निष्पादित करने में विद्यमान संसाधनों और अवसंरचना को स्वीकार करता है, उसकी पहचान करता है और उनका उपयोग करता है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में विनियामक और प्रचार संबंधी कार्यों का प्रावधान किया गया है।

ऊर्जा संरक्षण के महत्व पर संदेश फैलाने और ऊर्जा दक्षता एवं संरक्षण में राष्ट्र की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रति वर्ष 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है।




**रणबीर राज कपूर** *Raj Kapoor*, जन्म- 14 दिसंबर, 1924, पेशावर, पाकिस्तान मृत्यु- 2 जून, 1988, नई दिल्ली), हिन्दी फ़िल्म अभिनेता, निर्माता व निर्देशक थे। राज कपूर भारत, मध्य-पूर्व, तत्कालीन सोवियत संघ और चीन में भी अत्यधिक लोकप्रिय हैं। राज कपूर को अभिनय विरासत में ही मिला था।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.12.2024

## शैलीविज्ञान

शैलीविज्ञान (stylistics) शब्द दो शब्दो से मिलकर बना है- शैली और विज्ञान, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'शैली का विज्ञान' अर्थात जिस विज्ञान में शैली का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित रूप से अध्ययन किया जाए वह शैलीविज्ञान है। 'शैली' शब्द अंग्रेजी के स्टाइल (Style) शब्द का हिन्दी रूपान्तर है। उसी प्रकार 'शैलीविज्ञान' अंग्रेजी के स्टाइलिस्टिक्स (Stylistics) है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



स्रोत: दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## फुटबॉल

# अगले 3 FIFA वर्ल्ड कप के मेजबान



- **2026** वर्ल्ड कप
  (कनाडा, मैक्सिको, यूनाइटेड स्टेट अमेरिका)

- **2030** वर्ल्ड कप
  (स्पेन, पुर्तगाल, मोरेक्को)
  एनिवर्सरी मैच: अर्जेंटीना, पुरुग्वे और उरुग्वे

- **2034** वर्ल्ड कप
  साउदी अरब

# TOB बूझो तो जानें . .



455

बोल नहीं पाती हूँ मैं, और सुन नहीं पाती , बिना आँखों के हूँ अंधी, पर सबको राह दिखाती हूँ मैं ....

बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस
14 दिसंबर
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



14 दिसंबर

अपने कल को सुरक्षित करने के लिए आज ऊर्जा बचाने का संकल्प लें।

# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari